सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 359 | इंदौर, गुरुवार 16 जुलाई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



।। जगन्नाथ स्वामी नयन पथ गामी भवतु मे ।।



जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं


# इंदौर को 300 बिस्तरीय आधुनिक जिला अस्पताल की सौगात

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 83.13 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अस्पताल भवन का किया लोकार्पण
- स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, एयरपोर्ट लिंक रोड और समान नागरिक संहिता पर की महत्वपूर्ण घोषणाएँ

**प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 52 तक पहुँचाने का लक्ष्य, मेधावी विद्यार्थियों की मेडिकल शिक्षा का खर्च उठाएगी सरकार**

- उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण की सराहना, अस्पताल को बताया सेवा और सुशासन का नया स्वास्थ्य मंदिर
- अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित अस्पताल से इंदौर सहित आसपास के जिलों को मिलेगा




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में प्रत्येक नागरिक को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य अधोसंरचना का निरंतर विस्तार करते हुए प्रदेश को चिकित्सा शिक्षा और उपचार के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित किया जा रहा है। आधुनिक अस्पतालों का निर्माण जनसेवा और सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौरवासियों को स्वास्थ्य क्षेत्र की एक बड़ी सौगात देते हुए मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा लगभग 83.13 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 300 बिस्तरीय अत्याधुनिक जिला अस्पताल भवन का लोकार्पण किया। धार रोड स्थित लगभग 3.40 एकड़ भूमि पर निर्मित यह जी+4 मंजिला अस्पताल भवन लगभग दो लाख वर्गफीट क्षेत्रफल में विकसित किया गया है। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित यह अस्पताल इंदौर ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों के मरीजों को भी बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन से हुआ। लोकार्पण समारोह में बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जनप्रतिनिधियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बदलते भारत की नई पहचान हर क्षेत्र में दिखाई दे रही है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में अभूतपूर्व विकास किया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी आम नागरिकों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 तक मध्यप्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज और लगभग 500 मेडिकल सीटें थीं, जबकि आज प्रदेश में 33 मेडिकल कॉलेज एवं साढ़े पाँच हजार से अधिक मेडिकल सीटें उपलब्ध हैं। आगामी ढाई वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाकर 52 करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का ऐसा अग्रणी राज्य है, जहाँ नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश न मिलने की स्थिति में निजी मेडिकल कॉलेज अथवा समकक्ष संस्थान में अध्ययन के लिए भी राज्य सरकार शिक्षण शुल्क उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि एक डॉक्टर का निर्माण केवल एक विद्यार्थी का भविष्य नहीं, बल्कि पूरे समाज की सेवा का आधार होता है।

### इंदौर के लिए नया 'स्वास्थ्य मंदिर'

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनिर्मित जिला अस्पताल को इंदौर के लिए 'सेवा और सुशासन का नया स्वास्थ्य मंदिर' बताते हुए कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर की नगरी में यह अस्पताल नागरिकों को आधुनिक एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराएगा। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की विशेष सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार भवन निर्माण में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और यह अस्पताल उसका उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह अस्पताल वर्तमान एवं भविष्य की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा एम.वाय. अस्पताल के बाद इंदौर की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती प्रदान करेगा।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अस्पताल

चार मंजिला आधुनिक अस्पताल भवन में मरीजों की सुविधा के लिए अत्याधुनिक चिकित्सा एवं डायग्नोस्टिक सुविधाएँ विकसित की गई हैं। अस्पताल में ओपीडी के साथ-साथ मेडिसिन एवं सर्जिकल विभाग , गायनिक वार्ड एवं ऑपरेशन थिएटर, पीडियाट्रिक क्षेत्र, डायलिसिस यूनिट, आधुनिक नर्सिंग कॉल सिस्टम, पैथोलॉजी लैब, डिजिटल एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआई एवं सोनोग्राफी जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। वर्तमान में गायनिक सेवाएँ, एमआरआई, सीटी स्कैन तथा एक्स-रे सेवाएँ प्रारंभ भी हो चुकी हैं।

### इंदौर के समग्र विकास के लिए नई घोषणाएँ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ करते हुए चंदन नगर से देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट तक नए सड़क मार्ग के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि इससे शहर के यातायात को नई दिशा मिलेगी और एयरपोर्ट तक आवागमन अधिक सुगम होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर से अबूधाबी के लिए नई उड़ान सेवा प्रारंभ होना प्रदेश में विमानन सुविधाओं के विस्तार और इंदौर की बढ़ती वैश्विक पहचान का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के प्रत्येक क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रहा है।

### विधानसभा के वर्षाकालीन सत्र में यूसीसी की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा मंव व्यापक जनसंवाद किया गया है। विशेष समिति के गठन के बाद प्रदेश के सभी 55 जिलों से 10 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। सभी राजनीतिक दलों, विभिन्न धर्मों एवं समुदायों के प्रतिनिधियों से विचार-विमर्श किया गया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा के आगामी वर्षाकालीन सत्र में आवश्यक विधायी प्रक्रिया पूरी कर प्रदेश में यूसीसी लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों के लिए समान कानून और समान अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे।

### किसानों और युवाओं के हित में सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत किसानों के हित में अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। वहीं युवाओं के लिए हाल ही में आयोजित टेक ग्रोथ सत्र जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से रोजगार, नवाचार और तकनीकी विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य सरकार का लक्ष्य किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं समाज के प्रत्येक वर्ग का समग्र विकास सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम को नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव और विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ ने भी संबोधित किया। समारोह में सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, श्रीमती कविता पाटीदार, डॉ. महेंद्र हार्डिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष श्री ओम जैन भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान तथा सिविल सर्जन द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में अस्पताल भवन के उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण एवं भव्य स्वरूप की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह आधुनिक स्वास्थ्य संस्थान इंदौर सहित पूरे मालवा-निमाड़ क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### डॉ. यादव ने इंदौर से आबू धाबी जाने वाले यात्रियों को दिए बोर्डिंग पास

# इंदौर से आबू धाबी अब सिर्फ सवा तीन घंटे की दूरी पर पर्यटन को नए पंख लगाएगी यह हवाई सेवा : मुख्यमंत्री

**इंदौर एयरपोर्ट से प्रदेश की पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान का शुभारंभ, पहली उड़ान में आबू धाबी गए 100 यात्री, वापसी में 170 यात्री इंदौर आएंगे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश ने अंतर्राष्ट्रीय विमानन और वैश्विक संस्कृतियों से सम्पर्क में एक नया इतिहास रच दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को प्रदेश की पहली अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्ट हवाई सेवा इंदौर-आबू धाबी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवी अहिल्याबाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट इंदौर से मध्यप्रदेश नागरिक विमानन नीति-2025 से वित्त पोषित इस नियमित उड़ान को झंडी दिखाकर रवाना किया। अभी यह सेवा सप्ताह में 4 दिन (सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को) उपलब्ध रहेगी।**

इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर से आबू धाबी की यह सीधी उड़ान केवल दो शहरों को ही नहीं, दो मित्र देशों, दो समृद्ध संस्कृतियों और अनंत संभावनाओं को जोड़ने वाला एक मजबूत सेतु है। उन्होंने कहा कि यह हवाई सेवा मध्यप्रदेश के विकास, व्यापार, पर्यटन और वैश्विक निवेश को नई गति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि पहले इंदौर से आबू धाबी जाने में करीब 8 घंटे लगते थे। अब सीधी हवाई सेवा ये दूरी केवल सवा तीन घंटे (3 घंटे 15 मिनट) में पूरी हो जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आबू धाबी जाने वाले यात्रियों को बोर्डिंग पास भी दिए। इस रूट का संचालन 'टाटा समूह' और 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' द्वारा किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने विमानन नीति 2025 लागू की है। इसके आधार पर आज इंदौर एयरपोर्ट से प्रदेश की पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान (इंदौर से आबूधाबी) का शुभारंभ हमारे संकल्प की पूर्ति करेगा। राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश के अलग-अलग शहरों के बीच हवाई सेवा और पीएमश्री हेली सर्विस की शुरुआत भी की है। जिसके अंतर्गत रीवा से इंदौर, रीवा से दिल्ली और रीवा से रायपुर के लिए हवाई सेवा संचालित हो रही है, जो आगे भी जारी रहेंगी। इसी प्रकार निकट भविष्य में जबलपुर से कोलकाता, भोपाल से रीवा, भोपाल से पटना, रीवा से कोलकाता की उड़ानें शुरू करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश के अंदर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पीएमश्री हेली सर्विस की शुरुआत की गई है। मध्यप्रदेश, देश का प्रथम राज्य है, जिसने सबसे पहले गरीब-जरूरतमंदों के लिए पीएमश्री एयर एंबुलेंस की सौगात दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय हवाई संपर्क स्थापित हों, इसके लिए राज्य सरकार इंदौर से इंटरनेशनल फ्लाइट शुरू कर रही है। इस अंतर्राष्ट्रीय उड़ान सेवा के लिए राज्य सरकार प्रति फ्लाइट लगभग 15 लाख रुपए वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) वहन करेगी। इससे इस रूट के यात्रियों पर हवाई किराये का भार भी घटकर लगभग आधा ही रह जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में तेजी से एयरपोर्ट और हवाई सेवाओं का विकास हो रहा है। राज्य सरकार ने पिछले ढाई साल में 3 नए एयरपोर्ट्स का शुभारंभ किया है। प्रदेश में दो नए एयरपोर्ट उज्जैन और शिवपुरी में निर्माणाधीन हैं। आगामी कुछ वर्षों में मध्यप्रदेश के 10 बड़े शहर एयरपोर्ट कनेक्टिविटी को रफ्तार देंगे। प्रदेश में प्रत्येक 100 किलोमीटर के दायरे में कमर्शियल एयरपोर्ट और एयरस्ट्रिप और प्रत्येक 45 किलोमीटर के दायरे में एक हेलीपैड का निर्माण प्रस्तावित है। प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक स्थायी हेलीपैड बनाया जाएगा।






## यूएई की प्रशासनिक राजधानी आबू धाबी जुड़ गई प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर से

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश निरंतर बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक आधारभूत संरचना के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की प्रशासनिक राजधानी आबू धाबी के लिए शुरू हुई यह डायरेक्ट फ्लाइट प्रदेश के उद्योग, व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन तथा प्रवासी भारतीयों के लिए अत्यंत ही लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि इस नई हवाई सेवा से यात्रियों का समय बचेगा, आवागमन अधिक सहज और सुगम होगा, साथ ही मध्यप्रदेश और यूएई के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को भी नई मजबूती मिलेगी। प्रदेश में निवेश और रोजगार अवसरों का विस्तार और पर्यटन को भी नई उड़ान मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर-आबू धाबी की यह नियमित अंतर्राष्ट्रीय सेवा मध्यप्रदेश के साथ-साथ इंदौर की वैश्विक पहचान को और भी सुदृढ़ करेगी। यह हवाई सेवा मध्यप्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह डायरेक्ट फ्लाइट विकसित, आत्मनिर्भर और वैश्विक मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने में सरकार का एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि यह नई हवाई सेवा मध्यप्रदेश की दिनों-दिन बढ़ती आर्थिक शक्ति, निवेश संभावनाओं और वैश्विक एयरलाइंस के हम पर बढ़ते विश्वास का प्रतीक है।

इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशभर में एयरपोर्ट का विकास तेज गति से हो रहा है। बीते 12 वर्षों के कार्यकाल में लगभग 154 नए एयरपोर्ट बनें, जो एक इतिहास है। इंदौर एयरपोर्ट भी नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भी हवाई संपर्क को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। इंदौर एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। इंदौर एयरपोर्ट की क्षमता 40 लाख यात्री प्रतिवर्ष है, बीते एक वर्ष में इंदौर एयरपोर्ट से 43 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जो क्षमता से अधिक है। इंदौर-पीथमपुर के आसपास औद्योगीकरण के विकास से यात्रियों की संख्या बढ़ी है। सिंहस्थ : 2028 के दृष्टिगत यात्रियों की संख्या में और भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इंदौर एयरपोर्ट पर एक नया टर्मिनट और रनवे की लंबाई बढ़ाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, मधु वर्मा, विधायक गोलू शुक्ला, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

# प्रदेश में नशे का व्यापार करने वालों के विरुद्ध होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवा, नारी, किसान और गरीब वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए सतत प्रयासरत है। इन वर्गों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है और उससे समाज सशक्त भी हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन पशुपालन, डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में पशुधन बढ़े और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो, यह जरूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में लक्ष्मीबाई नगर कृषि उपज मण्डी में बलराम कृषि महोत्सव में आयोजित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के सम्मेलन में अपना मुख्य संबोधन दे रहे थे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषिगत कार्यों से जुड़े विषयों पर प्रेरक विषयवस्तु बनाने वाले युवा इन्फ्लुएंसर्स से आत्मीय व प्रेरक संवाद किया। उन्होंने युवा इन्फ्लुएंसर्स के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि फसल चक्र में बदलाव करते रहे ताकि मिट्टी उर्वरा बनी रहे। वहीं अल्पवर्षा की स्थिति में किसानों को नुकसान नहीं हो। इसके लिये किसान कम अवधि की फसलों की बुवाई करें। उन्होंने प्रदेश भर से आये सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को आव्हान किया कि वे राज्य शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं पर केन्द्रीत रील्स बनायें, ताकि किसानों को योजनाओं का लाभ मिल सके।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में पशुपालन को बढ़ावा देने तथा सड़कों पर वृद्ध व लावारिस गौवंश से उन्नत नस्ल के बछड़े तैयार करने की योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे प्रदेश में इन दोनों समस्या से मुक्ति मिलेगी। हिरण्य गर्भा योजना के तहत प्रदेश में उन्नत नस्ल से दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में रासायनिक उर्वरकों की कोई कमी नहीं हैं। डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में नशे की पाबंदी को लेकर कहा कि नशा नाश की जड़ है। नशे से कई परिवार तबाह हुए है। प्रदेश में कहीं भी नशे का अवैध कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। ऐसे लोगों के खिलाफ राज्य शासन द्वारा कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने धार्मिक नगरों में शराब बंदी की है, इसके अच्छे परिणाम आये हैं। उज्जैन, ओंकारेश्वर, ओरछा सहित 19 शहरों में शराब बंदी की गई है। सम्मेलन में सहभागिता करने वाले युवा कृषक और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स कपिल ने बताया कि उसने अपने खेत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक बगिया माँ के नाम लगायी है। इस बगिया में पालक, कद्दू आदि सब्जियों की खेती हो रही है, और वह आज आत्मनिर्भर बन गया है। सीहोर से आये किसान और इन्फ्लुएंसर्स टीकम सांखला ने बताया कि उसके पास 70 पशुधन हैं और वह अनाज सहित दलहन और सब्जियों का उत्पादन करता है। शाजापुर से आये किसान ने बताया कि वह सभी प्रकार की फसलों का उत्पादन करता है, जिससे वह आत्मनिर्भर है। सीहोर से आयी महिला इन्फ्लुएंसर्स ने बताया कि वह कृषि पर केन्द्रीत वीडियो बनाती है, जिसे काफी लोग पसन्द करते हैं। राजगढ़ से आये किसान ने बताया कि वह अपने खेतों में अल्प वर्षा वाली कम अवधि की फसलों का उत्पादन करते हैं।

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 की शुरुआत

# रैली निकालकर दिया जागरूकता का संदेश




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। युवाओं और समाज को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और उसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी 2.0 विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है।**

इसी कड़ी में बुधवार को इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में जनजागरूकता रैली निकालकर अभियान शुरू किया। पुलिस कमिश्नर ने मौजूद अधिकारियों, एनसीसी कैडेट्स, स्टूडेंट्स आदि को नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अवेयरनेस बैज लगाए। अभियान के लिए बनाए सेल्फी पाइंट का भी उन्होंने लोकार्पण किया और खुद सेल्फी भी ली। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से किशोरों और युवाओं को अवैध मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया, उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना है। नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नहीं, बल्कि उसके परिवार, भविष्य और पूरे समाज को प्रभावित करता है। इसलिए हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह खुद नशे से दूर रहे और अपने आसपास के लोगों को भी नशा छोड़ने के लिए मोटिवेट करे। ये अभियान 15 दिन चलेगा, इसमें विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से आगामी 30 जुलाई तक शहरभर में कई जनजागरूकता एक्टिविटी होगी। इसमें - नुक्कड़ नाटक और सांस्कृति प्रस्तुतियां, पोस्टर, बैनर और पंपलेट बांटना, निबंध, चित्रकला, रील/शॉर्ट मूवी और अन्य रचनात्मक कॉम्पिटिशन, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्म पर जागरूकता अभियान, वीडियो स्क्रीनिंग और जनसंवाद, शॉर्ट फिल्म और प्रेरक संदेशों का प्रसारण आदि विभिन्न एक्टिविटी के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणामों और उससे बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# जोन ही नगर निगम की सेवाओं का सबसे प्रभावी माध्यम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम की कार्यप्रणाली में झोन ऑफिसों की भूमिका काफी खास है। जोन ही नगर निगम की सेवाओं का सबसे प्रभावी माध्यम हैं और इन्हीं के माध्यम से लोग को त्वरित और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है।**



नगर निगम का उद्देश्य लोगों को जन्म से लेकर जीवन के प्रत्येक चरण तक आवश्यक सुविधाएं सहजता से उपलब्ध कराना है। यह बात बुधवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नगर निगम के झोन क्रमांक-11 की वार्ड समिति की बैठक में निगम अधिकारियों से कही। महापौर ने कहा कि नगर निगम लगातार डिजिटल सेवाओं का विस्तार कर रहा है ताकि लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए निगम मुख्यालय अथवा झोनल ऑफिसों के चक्कर न लगाने पड़ें। लोग घर बैठे मोबाइल एवं डिजिटल माध्यमों से विभिन्न निगम सेवाओं का लाभ ले सकें, यही हमारी प्राथमिकता है। वे बोले इसके बावजूद यदि किसी कारणवश कोई व्यक्ति झोन ऑफिस पहुंचता है तो उसे सम्मानजनक व्यवहार, सकारात्मक वातावरण तथा समाधान मिलना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के साथ संवेदनशीलता, आत्मीयता और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करें। लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें,उनके कामों का नियमानुसार एवं सुविधाजनक समाधान सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी से बचें। जनसेवा ही नगर निगम की सबसे बड़ी पहचान है और जो अधिकारी एवं कर्मचारी लोगों की मदद करते हैं, उन्हें लोग हमेशा सम्मान और विश्वास के साथ याद रखते हैं। इसलिए हर अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को सेवा भाव के साथ निभाए। महापौर ने परिषद के बचे हुए कार्यकाल के शेष महीनों में विकास कामों की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस समय में स्वीकृत सभी विकास कामों को तय समय सीमा में पूरा करना प्राथमिकता होना चाहिए। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन विकास कामों की स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन किसी वजह से वह काम शुरू नहीं हो सके हैं, उन्हें तुरंत शुरू करें और जो काम चल रहे है, उस काम को तेजी से पूरा करें। वे बोले विकास कामों की नियमित मॉनिटरिंग और रिव्यू किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की दिक्कत को समय रहते दूर कर सकें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनहित से जुड़े किसी भी काम में देर स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करते हुए विकास परियोजनाओं को जल्दी पूरा करें। बैठक में कई पार्षदों सहित निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस की दबिश से पहले ही गायब हुए नाना पटवारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।**एमडी ड्रग्स मामले में गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों से पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। इन सुरागों के सामने आने के बाद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई कुलभूषण उर्फ नाना पटवारी की परेशानियां काफी ज्यादा बढ़ गई हैं। पुलिस द्वारा की गई शुरुआती जांच में नाना के मोबाइल फोन से दो ऑनलाइन सट्टा एप संचालित होने और तीन संदिग्ध लोगों के सक्रिय होने की जानकारी मिली है। इस नए खुलासे के बाद अब राजेंद्र नगर पुलिस इन तीनों संदिग्ध लोगों की तलाश में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार नाना पटवारी से जुड़े हुए ये सभी संदिग्ध लोग फिलहाल अपने ठिकानों से फरार चल रहे हैं। इस पूरे मामले को लेकर डीसीपी नरेंद्र रावत ने बताया कि नाना के मोबाइल की गहन जांच करने पर ऑनलाइन सट्टे से जुड़े दो एप बरामद हुए हैं। इन एप्स के विवरण के आधार पर ही तीन संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित की गई है। पुलिस की विशेष टीमें इन आरोपियों को पकड़ने के लिए लगातार अलग-अलग स्थानों पर दबिश दे रही हैं, लेकिन अब तक कोई भी आरोपी अपने ठिकानों पर पुलिस के हाथ नहीं लगा है। इसी सिलसिले में राजेंद्र नगर थाना पुलिस बुधवार के दिन पूछताछ की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए नाना पटवारी और उनके साथी सुमित मंत्री को नोटिस देने उनके ठिकानों पर पहुंची थी। हालांकि पुलिस टीम को वहां दोनों ही व्यक्ति मौजूद नहीं मिले। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि इन दोनों को जल्द ही थाने पर हाजिर होने के लिए बुलाकर पूछताछ की कार्रवाई की जाएगी।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111156060

# युवक की पांचवीं मंजिल से गिरने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली मर्दाना स्थित एक अपार्टमेंट में बुधवार सुबह 27 वर्षीय युवक की पांचवीं मंजिल से गिरने से मौत हो गई। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस फिलहाल हादसे और आत्महत्या दोनों पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक घटना सुबह करीब 8:30 बजे करुणा सागर बिल्डिंग की है। मृतक की पहचान शिवराज रघुवंशी पिता मूलचंद रघुवंशी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शिवराज पांचवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में रहता था और वहीं से नीचे गिर गया।मृतक के बड़े भाई जगदीश ने बताया कि सुबह उनकी मां ने जोर से आवाज लगाई और बताया कि शिवराज नीचे गिर गया है। इसके बाद परिवार के सदस्य तुरंत नीचे पहुंचे और उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। परिजनों के अनुसार शिवराज अक्सर छठी मंजिल की छत पर सिगरेट पीने जाया करता था। घटना की सूचना मिलते ही कनाड़िया थाना पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों ने बताया कि शिवराज एक ऑनलाइन कंपनी में काम करता था, लेकिन कुछ समय पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी। हाल ही में वह एक बैंक में सेल्स पद के लिए इंटरव्यू देकर आया था। उसकी शादी नहीं हुई थी। परिवार मूल रूप से गंजबासौदा का रहने वाला है।

# पेटीएम अपडेट करते ही 3.92 लाख की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सराफा पुलिस ने लाखों रुपए की साइबर ठगी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक फ्रूट व्यापारी के मोबाइल पर पेटीएम सस्पेंड होने का मैसेज आया। इसके बाद उन्होंने ऐप अपडेट किया तो उनका अकाउंट हैक हो गया और करीब 3.92 लाख रुपए निकाल लिए गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सराफा पुलिस के अनुसार, विद्याचल कॉलोनी निवासी कल्पेश जैन की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कल्पेश ने बताया कि वे हुकुमचंद मार्ग पर फ्रूट का कारोबार करते हैं। 2 जून को उनके मोबाइल पर एक नोटिफिकेशन आया, जिसमें पेटीएम सस्पेंड होने की जानकारी दी गई थी। इसके कुछ देर बाद दूसरा नोटिफिकेशन आया, जिसमें पेटीएम अपडेट करने का विकल्प था। उन्होंने ऐप अपडेट किया, जिसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। दोबारा चालू करने पर पेटीएम ऐप नहीं खुला। 5 जून को उन्होंने एक ग्राहक को पेमेंट करने की कोशिश की तो पता चला कि ट्रांजेक्शन लिमिट समाप्त हो चुकी है। बैंक जाकर जानकारी लेने पर पता चला कि 2 जून से 5 जून के बीच उनके अकाउंट से आधा दर्जन से अधिक ट्रांजेक्शन के जरिए 3 लाख 92 हजार रुपए निकाल लिए गए। इसके बाद पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच के बाद सराफा पुलिस ने मंगलवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बच्चों से संवाद कर जानी आंगनवाड़ी संचालन की गतिविधियां

# आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रथम पाठशाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रथम पाठशाला है। सरकार द्वारा छोटे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सीएसआर फंड से बनाए गए सदावल में स्थित इस आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किये गये है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा निरंतर इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित रूप से विकास किया जा रहा है, जिससे निरंतर उनकी दशा में सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा बच्चों के विकास एवं पढ़ाई के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को उज्जैन के स्वेज फार्म सक्षम आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र के अवलोकन एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम में उक्त बातें कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार सप्ताह के अंतर्गत लगाई गई पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी के बच्चों के लिए सर्व सुविधा युक्त पक्के भवन, फर्नीचर, खिलौने, पोषण आहार, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, प्रारंभिक शिक्षा सब कुछ एक ही छत के नीचे एक ही जगह उपलब्ध करवाया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आंगनवाड़ी केंद्र में व्यवस्थाओं का अवलोकन कर बच्चों से संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आंगनवाड़ी केंद्र पर फूड जोन, स्वास्थ्य परीक्षण कक्ष, मेडिसिन कक्ष का अवलोकन कर जानकारी ली। उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आंगनवाड़ी केंद्र में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी।

### भगवान जगन्नाथ का उज्जैन से प्राचीन संबंध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान जगन्नाथ का उज्जैन से हजारों साल पुराना संबंध रहा है। उज्जैन के राजा इंद्रसेन ने वर्तमान ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में बाबा जगन्नाथ का भव्य मंदिर बनवाया था। यहां पर गोपाल कृष्ण, भगवान बलराम और बहन सुभद्रा की प्रतिमाएं प्रतिष्ठापित हैं। सनातन संस्कृति के 4 धामों में ओडिशा का जगन्नाथपुरी तीर्थस्थल भी विशेष महत्व रखता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पूर्व निर्धारित नई दिल्ली प्रवास के कारण उज्जैन की जगन्नाथ रथ यात्रा के आयोजन में वे गुरुवार को शामिल नहीं हो पाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के कार्तिक चौक स्थित भगवान जगदीश मंदिर में पूजा कर दर्शन किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार देश में हो रहे विकास के विशेष प्रयासों से कदम से कदम मिलाकर चल रही है। आज बदलते दौर में प्रदेश के साथ विशेष रूप से उज्जैन का माहौल भी बदला है। उज्जैन में वर्ष 2028 में भव्य और दिव्य सिंहस्थ के आयोजन की तैयारियां जारी हैं।

## खजाने के लिए बेटी की बलि चढ़ाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** जमीन में गड़े सोने-चांदी के खजाने को पाने के अंधविश्वास में पिता ने ही अपनी नाबालिग बेटी की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मौत सुनिश्चित करने के लिए उसने बेटी का गला भी घोंट दिया। नब्ज जांचकर मौत की पुष्टि करने के बाद शव को खेत में गाड़ दिया। वारदात को अंजाम देने में उसके दो साथियों ने भी साथ दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी पिता को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया है। देहात पुलिस ने करीब तीन महीने पहले लापता हुई एक नाबालिग बालिका की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक भोपाल (देहात) पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया की 3 अप्रैल 2026 को बालिका की मां ने थाना सूखीसेवनिया में शिकायत दर्ज कराई थी कि खलिहान में सोते समय उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति उठाकर ले गया है।

## फर्जी पास बनाकर महाकाल मंदिर पहुंचे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था में आधुनिक तकनीक के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। भोपाल से आए एक युवक और उसके दो नाबालिग साथियों ने कथित तौर पर एआई टूल की मदद से वीआईपी पास जैसा दिखने वाला फर्जी पास तैयार कर मंदिर में प्रवेश करने का प्रयास किया। तीनों इसी पास के आधार पर मंदिर परिसर के भीतर पहुंच गए, लेकिन सुरक्षा जांच के दौरान उनकी पोल खुल गई। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी की पहचान भरत उइके (19) निवासी कोलार रोड भोपाल के रूप में हुई है। उसके साथ दो नाबालिग भी थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मंगलवार दोपहर एआई टूल की मदद से वीआईपी पास जैसा दिखने वाला फॉर्मेट तैयार किया था। पुलिस ने भरत उइके के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है, जबकि दोनों नाबालिगों के मामले में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# एमपी में जुलाई में मार्च-अप्रैल जैसी गर्मी, पारा 36° पार

### अब तक 7% बारिश कम, अगले 5 दिन भी भारी बारिश के आसार नहीं

**भोपाल। मध्य प्रदेश में तेज बारिश का दौर थमने के बाद दिन का तापमान बढ़ गया है। कई शहरों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री पार पहुंच गया है। इससे जुलाई में ही मार्च-अप्रैल जैसे मौसम का अहसास हो रहा है। अगले 5 दिन भारी बारिश होने का अनुमान कम है। ऐसे में पारे में और भी बढ़ोतरी हो सकती है।**

मौसम केंद्र (IMD) भोपाल के मुताबिक- प्रदेश में पिछले 6 दिन से भारी या अति भारी बारिश नहीं हुई है। दिन में कई शहरों में बादल जरूर छा रहे हैं। इस वजह से प्रदेश के आधे से ज्यादा जिले में सामान्य से कम बारिश हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अब तक 241.8 मिमी (9.5) बारिश



हो चुकी है, जो सामान्य बारिश के 260 मिमी (10.2) से 7% कम है।

दूसरी ओर, प्रदेश के पूर्वी हिस्से यानी, जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा संभाग के जिलों में औसत से 21 प्रतिशत पानी कम गिरा है। वहीं, पश्चिमी हिस्से यानी, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल में औसत से 6% कम बारिश दर्ज की गई है।

21 जिलों में आज हल्की बारिश के आसार मौसम विभाग ने बुधवार को इंदौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, धार, आलीराजपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है।

भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में गर्मी का असर देखने को मिलेगा।

# 19 जुलाई को जगदीशपुर में होगी कैबिनेट की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 19 जुलाई, रविवार को जगदीशपुर में होने वाली कैबिनेट बैठक की व्यवस्थाओं के संबंध में बुधवार को अपर मुख्य सचिव श्री शिव शेखर शुक्ला एवं भोपाल संभाग आयुक्त श्री कर्मवीर शर्मा ने स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने बैठक के सफल एवं सुचारू संपादन के लिए आयोजन स्थल पर चल रही विभिन्न व्यवस्थाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित विभागों



के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री इलैया राजा टी, कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा, आईजी (देहात रेंज) भोपाल श्रीमती रुचि वर्धन सहित विभिन्न संबंधित विभागों के जिला एवं संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव श्री शुक्ला ने निर्देश दिए कि इस बैठक के महत्व को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी तरह चाक-चौबंद और त्रुटिहीन होनी चाहिए।

## संपादकीय

### शुगर ड्रिंक्स: लत से कैंसर तक का सफर

अगर कोल्ड ड्रिंक या ऐसे ही शुगर वाले पेय आपकी लत बन चुके हैं तो सतर्क हो जाएं। बड़ी वैश्विक समीक्षा में कोल्ड ड्रिंक पैक्ड मीठे जूस या अन्य ऐसे ड्रिंक के नियमित सेवन के तार कैंसर के खतरे से जुड़े होने के वैज्ञानिक संकेत मिले हैं। वर्ल्ड कैंसर रिसर्च फंड के ग्लोबल कैंसर अपडेट प्रोग्राम के तहत रिसर्चरों ने दुनियाभर की 51 कोहोर्ट स्टडी की 158 रिपोर्टों का विश्लेषण किया। रिपोर्ट के अनुसार, रोजाना करीब 355 ml (करीब एक कैन) शुगर वाला ड्रिंक पीने वालों में अग्न्याशय यानी पैंक्रियाज) के कैंसर का खतरा लगभग 9% और बड़ी आंत (कोलोरेक्टल) के कैंसर का खतरा 7% अधिक पाया गया। शोधकर्ताओं ने इन दोनों कैंसर के लिए साक्ष्यों को मजबूत माना है। शुगर वाले पेयों का अधिक सेवन ओवरी कैंसर और स्तन कैंसर जैसे मोटापे से जुड़े कुछ अन्य कैंसरों से भी जुड़ा हो सकता है। हालांकि इनमें साक्ष्य सीमित है। शुगर वाले पेय के लगातार सेवन से मोटापा, इंसुलिन रेजिस्टेंस, शरीर में सूजन जैसी समस्याएं बढ़ सकती है जो कैंसर के जोखिम कारकों में शामिल है। स्टडी में डाइट ड्रिंक जैसे कृत्रिम मिठास वाले पेयों का मूल्यांकन किया गया। रिसर्चरों को इनसे कैंसर का खतरा बढ़ने के ठोस प्रमाण नहीं मिले। कुछ सीमित अध्ययनों में ल्यूकीमिया (ब्लड कैंसर) के साथ सभावित सबंध के संकेत मिले है, जिनकी आगे पुष्टि की जानी बाकी है। दिल्ली में कार्डियॉलजी के प्रोफेसर डॉ. तरूण कुमार ने कहा कि शुगर वाले पैयों के अधिक सेवन और पैक्रियाज व कोलोरेक्टल कैंसर के बीच अब संभावित वैज्ञानिक साक्ष्य उपलब्ध है। कुछ अन्य कैंसरों के संकेत भी मिले हैं। शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह नहीं कह सकते कि कोल्ड ड्रिंक पीने से कैंसर होता है, लेकिन नियमित सेवन में इसका जोखिम है। रिपोर्ट में है कि नियमित रूप से छूट जूस पीने का कोई अतिरिक्त स्वास्थ्य लाभ नहीं दिखा। पूरा फल खाना ज्यादा फायदेमंद है। संतरे के जूस के अधिक सेवन और मेलानोमा के बीच संबंध के संकेत मिले है।

धर्म कर्म

# रवि योग में आज से शुरू जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा

**जानें महत्व और पूरा शेड्यूल**

आज से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू हो रही है, जो कि 24 जुलाई तक चलेगी. सनातन धर्म में ओडिशा के पुरी में आयोजित होने वाली विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ रथयात्रा का विशेष और बेहद पवित्र महत्व है. हर साल आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को इस दिव्य यात्रा का शुभारंभ होता है. इस पावन अवसर पर महाप्रभु जगन्नाथ, अपने बड़े भाई बलभद्र और लाडली बहन सुभद्रा के साथ विशाल रथों पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलते हैं. इस दौरान भगवान मुख्य मंदिर (श्रीमंदिर) से प्रस्थान कर अपनी मौसी के घर यानी गुंडीचा मंदिर जाते हैं. तो आइए पंडित प्रवीण मिश्र से जानते हैं कि जगन्नाथ रथ यात्रा का महत्व.



## ● जगन्नाथ रथयात्रा 2026 का पूरा शेड्यूल

1. यदि आप इस पावन उत्सव का हिस्सा बनने जा रहे हैं या घर बैठे इसके साक्षी बनना चाहते हैं, तो इन प्रमुख तिथियों को नोट कर लें.
2. 16 जुलाई 2026 (आज): रथयात्रा का भव्य शुभारंभ. जिसके बाद भगवान का मौसी के घर गुंडिचा मंदिर में प्रस्थान होगा.
3. 24 जुलाई 2026: बाहुदा यात्रा यानी भगवान की मुख्य मंदिर में वापसी यात्रा.
4. 25 जुलाई 2026: सुनावेश (इस दिन तीनों देवों का सोने के भव्य आभूषणों से अलौकिक श्रृंगार किया जाता है).

## ● क्यों इतनी खास मानी जाती है यह रथयात्रा?

आमतौर पर भक्त भगवान के दर्शन करने मंदिर के गर्भगृह तक जाते हैं, लेकिन जगन्नाथ रथयात्रा एक ऐसी अनोखी परंपरा है जहां भगवान स्वयं मंदिर से बाहर निकलकर अपने भक्तों को दर्शन देने आते हैं. मान्यता है कि जो श्रद्धालु मंदिर के भीतर नहीं जा पाते, महाप्रभु खुद उन पर कृपा बरसाने सड़क पर आते हैं. तीनों देव गुंडीचा मंदिर में पूरे 9 दिनों तक निवास करते हैं. शास्त्रों के अनुसार, गुंडीचा मंदिर में भगवान के आड़प दर्शन करने से सौ यज्ञों के बराबर पुण्य फल की प्राप्ति होती है.

## ● बिना लोहे की कील के बनता है भगवान का अद्भुत रथ

भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी के रथ प्राचीन भारतीय शिल्पकला और विज्ञान का एक बेजोड़ उदाहरण हैं. इनकी बनावट में कई हैरान करने वाली विशेषताएं हैं.

**लकड़ी का चमत्कार:** इन विशाल रथों को बनाने में 4,000 से अधिक लकड़ी के टुकड़ों का उपयोग किया जाता है.

**लोहे का शून्य इस्तेमाल:** सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि इतने बड़े रथों के निर्माण में एक भी लोहे की कील या धातु का उपयोग नहीं होता है. पूरी कारीगरी लकड़ी के जोड़ों पर टिकी होती है.

**पीढ़ी-दर-पीढ़ी हुनर:** पारंपरिक कारीगरों के परिवार बिना किसी आधुनिक नक्शे के, पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस रथ का निर्माण पूरी शुद्धता और सटीकता के साथ करते आ रहे हैं.

## ● छेरा पहरा रस्म, राजा भी बनता है भगवान का सेवक

रथयात्रा के दौरान एक बेहद महत्वपूर्ण और दिल छू लेने वाली परंपरा निभाई जाती है, जिसे छेरा पहरा कहा जाता है. इस रस्म के तहत पुरी के राजा (गजपति महाराज) स्वयं एक सेवक की तरह सोने की झाड़ू से तीनों रथों के सामने के मार्ग की सफाई करते हैं और उस पर सुगंधित जल छिड़कते हैं. यह रस्म दुनिया को बहुत बड़ा आध्यात्मिक संदेश देती है कि भगवान के दरबार में सब एक समान हैं, चाहे वह कोई आम इंसान हो या किसी राज्य का राजा.

## ● रथ खींचने की महिमा: बस 3 कदम और मोक्ष की प्राप्ति

पुरी की रथयात्रा में जाति, धर्म, ऊंच-नीच या रंग-भेद का कोई स्थान नहीं है. रथ के रस्सों को थामने के लिए हर वर्ग के लोग एक साथ आते हैं.

समानता का प्रतीक: इसमें कोई भी भक्त बिना किसी भेदभाव के भगवान का रथ खींच सकता है.

पारंपरिक नियम: भक्तों को पवित्र मन, शुद्धता और पारंपरिक वेशभूषा (जैसे धोती-कुर्ता) में ही रथ के रस्सों को स्पर्श करना चाहिए.

तीन कदम का महत्व: पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, यदि कोई भक्त सच्चे मन से कम से कम तीन कदम भी भगवान का रथ खींच लेता है, तो उसके जन्म-जन्मांतर के पाप कट जाते हैं और उसे सीधे मोक्ष (जीवन-मरण के चक्र से मुक्ति) की प्राप्ति होती है.

## ● उमड़ता है लाखों भक्तों का सैलाब

मुख्य मंदिर से गुंडीचा मंदिर की दूरी करीब 3 किलोमीटर की है. इस 3 किमी. के लंबे बड़ा डांड (रथ मार्ग) पर सिर्फ और सिर्फ आस्था का सैलाब नजर आता है. शंख की ध्वनि, ढोल-मंजीरों की थाप और 'जय जगन्नाथ' के गगनभेदी जयकारों के बीच पुरी की धरती पूरी तरह बैकुंठ धाम जैसी नजर आने लगती है. इस अलौकिक दृश्य का हिस्सा बनने के लिए हर साल दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु पुरी धाम खिंचे चले आते हैं.

New Delhi

# कैबिनेट के बड़े फैसलों से 'मेक इन इंडिया' को मिलेगी नई उड़ान, रोजगार पर पीएम मोदी का बड़ा भरोसा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल के सेमीकंडक्टर कार्यक्रम समेत विभिन्न फैसलों से देश में विनिर्माण को गति मिलेगी, रोजगार सृजित होंगे और लोगों का जीवन सुगम होगा। उन्होंने कहा कि नए सेमीकंडक्टर कार्यक्रम को मंजूरी देना, भारत को सेमीकंडक्टर डिजाइन, विनिर्माण और नवोन्मेष का वैश्विक केंद्र बनाने की सरकार की दीर्घकालीन प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके साथ ही मोबाइल फोन विनिर्माण योजना 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देगी, जबकि यूरिया के लिए राष्ट्रीय निवेश नीति देश को आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगी।



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश में सेमीकंडक्टर परिवेश को मजबूत बनाने, मोबाइल फोन का उत्पादन बढ़ाने और वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण केंद्र के तौर पर स्थिति मजबूत करने के लिए लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये के व्यय वाली दो बड़े विनिर्माण कार्यक्रमों को मंजूरी दी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'भारत का सेमीकंडक्टर सफर और भी जीवंत हो गया है। मंत्रिमंडल ने 1,27,500 करोड़ रुपये के बजट के साथ सेमीकॉन 2.0 को मंजूरी दी है, जो भारत को सेमीकंडक्टर डिजाइन, विनिर्माण और नवोन्मेष का वैश्विक केंद्र बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि करता है।'

Karnataka

## घर में डॉक्टर की लाश और खून से सना अधमरा बेटा... पुलिस पहुंची तो बेड पर लेटे मोबाइल चलाती दिखी पत्नी



**धारवाड़, (एजेंसी)** कर्नाटक के धारवाड़ शहर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां एक अपार्टमेंट में रहने वाले एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉक्टर की कथित तौर पर हत्या कर दी गई, जबकि उनका आठ साल का बेटा गंभीर रूप से घायल मिला. पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में डॉक्टर की पत्नी पर हत्या का शक है. फिलहाल पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. घायल बच्चे का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है.

मृतक की पहचान 45 वर्षीय डॉ. किरण होन्नावर के रूप में हुई है. वह धारवाड़ में पवन हाई स्कूल के सामने स्थित एक अपार्टमेंट की छठी मंजिल पर परिवार के साथ रहते थे. डॉ. किरण एक निजी अस्पताल में एनेस्थेटिस्ट थे. उनकी पत्नी डॉ. प्रियंका कट्टनहल्ली भी डॉक्टर हैं और उन्होंने नेत्र रोग (ऑप्थैल्मोलॉजी) में एमएस किया है. दंपती अपने आठ साल के बेटे निहित के साथ रहते थे. पुलिस आयुक्त एन. शशिकुमार ने बताया कि बुधवार को जब परिजनों और दोस्तों ने डॉ. किरण से संपर्क करने की कोशिश की तो फोन उनकी पत्नी ने उठाया. उन्होंने लोगों से कहा कि डॉ. किरण आराम कर रहे हैं या ड्यूटी पर गए हैं. लेकिन जब शक होने पर शिकायत हुई और पुलिस फ्लैट के अंदर पहुंची तो एक कमरे में डॉ. किरण का शव खून से लथपथ मिला. वहीं उनका बेटा निहित भी गंभीर रूप से घायल हालत में पड़ा था, किसी तरह बस उसकी सांस चल रही थी.

Uttarpradesh

राम मंदिर दान चोरी

## टिन्नू और भतीजे मनीष यादव को क्यों राहत? पुलिस रिमांड पर नहीं लेने पर उठे सवाल

**अयोध्या, (एजेंसी)** राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण की जांच आगे बढ़ने के साथ ही अब एक नया सवाल चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस अब तक गिरफ्तार आठ में से 6 आरोपियों को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। लेकिन मामले के सबसे चर्चित आरोपियों में शामिल रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव और उसके रिश्तेदार मनीष यादव की पुलिस कस्टडी रिमांड नहीं लेने को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

अब तक की कार्रवाई में 26 जून को पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद आरोपी अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडेय को भी अलग-अलग चरणों में पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। मंगलवार, 14 जुलाई को अदालत ने राम मंदिर में गणना प्रभारी रहे सिंडिकेट बैंक के सेवानिवृत्त कर्मी सुभाष श्रीवास्तव और एक अन्य आरोपी रमाशंकर मिश्र की 14 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर की।

New Delhi

## पेट्रोल- डीजल और ATF पर सरकार का बड़ा फैसला, अचानक बढ़ा दिया ये टैक्स

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अमेरिका और ईरान में जंग (US-Iran War) तेज होने से मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है. नए सिरे से शुरू हुए इस युद्ध ने कच्चे तेल की कीमतों में भी आग लगा दी है और तेल महंगा होने के बीच भारत सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर बड़ा फैसला लिया है. मोदी सरकार ने डीजल और हवाई ईंधन (ATF) के एक्सपोर्ट पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में तगड़ा इजाफा (Tax Hike On Fuel) किया है, इसे 7 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाया गया है. सरकार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि टैक्स बढ़ाने का ये फैसला कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के कारण लिया गया है.

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार ने डीजल के निर्यात पर अब तक लागू टैक्स को 8.5 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर सीधे 15.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जबकि एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर ये विंडफॉल टैक्स 7.5 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर अब 14.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है. टैक्स की ये बढ़ी हुई दरें गुरुवार 16 जुलाई से लागू हो गई हैं. हालांकि, पेट्रोल पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में कटौती की गई है और इसे 4 रुपये प्रति लीटर कम किया गया है.



खेल

# किस तरह सात मिनट के अंदर अर्जेंटीना ने पलटा खेल? कटाया फाइनल का टिकट, इंग्लैंड हुआ बाहर

**जॉर्जिया, (एजेंसी)** अर्जेंटीना ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली है। अर्जेंटीना का सामना अब खिताबी मुकाबले में स्पेन से होगा। अर्जेंटीना खिताब का बचाव करने से अब महज एक कदम दूर रह गई है। वहीं, इंग्लैंड का सफर सेमीफाइनल में ही थम गया है। इंग्लैंड और फ्रांस के बीच तीसरे स्थान के लिए मुकाबला होगा। इंग्लैंड ने दूसरे हाफ में गॉर्डन के गोल की मदद से बढ़त ली थी, लेकिन अर्जेंटीना ने सात मिनट के अंदर दो गोल करके मैच का रुख पलट दिया।



अर्जेंटीना के लिए सबसे पहले इंजो फर्नांडिज ने गोल दागा और फिर इंजरी समय में लाउतारो मार्टिनेज ने गोल कर टीम को 2-1 की बढ़त दिलाई। अर्जेंटीना ने आखिरी समय तक इस बढ़त को बरकरार रखा। लियोनल मेसी भले ही इस मैच में गोल नहीं कर सके, लेकिन दोनों गोल करने में उन्होंने मदद की। मेसी ने अपने शानदार खेल से बताया कि क्यों वह टीम के स्टार खिलाड़ी हैं। अर्जेंटीना की जीत के बाद मेसी खुशी से झूम उठे और साथी खिलाड़ियों के साथ डांस करने लगे।

इंग्लैंड और अर्जेंटीना के बीच शुरुआत से ही मैच में तल्खी देखने को मिली। मैच के शुरुआती मिनटों में ही इंग्लैंड और अर्जेंटीना के खिलाड़ियों के बीच तकरार हो गई। गेंद के लेने के प्रयास में अर्जेंटीना के एंजो फर्नेंडेज ने तीसरे मिनट में फाउल किया और इसी दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे के आमने-सामने आ गए। हालांकि, रेफरी ने खिलाड़ियों को अलग किया। ऐसा पहले हाफ में कई बार हुआ जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से भिड़ गए।

इंग्लैंड के एलियोट एंडरसन को येलो कार्ड दिखाया गया। 37वें मिनट में एंडरसन ने मेसी को धक्का दिया जिस कारण रेफरी ने उन्हें येलो कार्ड दिखाया। इसके बाद अर्जेंटीना के लिसांड्रो मार्टिनेज को पीला कार्ड दिखाया गया। मैच के 42वें मिनट में मार्टिनेज ने रोजर्स की शर्ट खींची जिस कारण उन्हें रेफरी ने पीला कार्ड दिखाया।

इंग्लैंड और अर्जेंटीना के बीच पहले हाफ तक मुकाबला गोल रहित बराबरी पर रहा। पहले हाफ तक दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकीं। इस दौरान इंग्लैंड और अर्जेंटीना के पास गोल करने के कई मौके आए, लेकिन दोनों ही इसे भुना नहीं सके। अर्जेंटीना के सिमोन ने छठे मिनट में फाउल किया और आठवें मिनट में इंग्लैंड को बढ़त लेने का मौका मिला। इंग्लैंड के डेक्लैन राइस कॉर्नर किक के जरिये गोल करने से चूक गए। 24वें मिनट में अर्जेंटीना के मेसी के पास कॉर्नर किक के जरिये बढ़त लेने का मौका था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके। इंग्लैंड के पास गोल करने का अच्छा मौका था, लेकिन जॉन स्टोंस इससे चूक गए। दरअसल, 33वें मिनट में इंग्लैंड को फ्री किक मिली और स्टोंस ने शॉट खेला। लेकिन गेंद गोल पोस्ट के बगल से निकल गई।

सिनेमा

## 'एक बॉलीवुड एक्टर का कइयों के साथ है रिश्ता', प्रियंका चोपड़ा ने बातों-बातों में किसकी ओर कर दिया इशारा?



प्रियंका चोपड़ा इस वक्त एक पॉडकास्ट को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें उन्होंने पति निक जोनस और जोनस ब्रदर्स के सामने एक बॉलीवुड एक्टर के कथित अफेयर्स का खुलासा किया। हालांकि, प्रियंका ने उस एक्टर का नाम नहीं बताया और कहा कि वह एक्टर कई तरह की एक्स्ट्रा-करिकुलर एक्टिविटीज में शामिल रहता है। दरअसल, पॉडकास्ट में निक जोनस बता रहे थे कि उनकी सबसे फेवरेट सेलिब्रिटी गॉसिप वो होती है, जिसमें स्टार्स के कथित अफेयर्स की बात होती है। निक जोनस ने कहा, 'मुझे ऐसी कहानियां पसंद हैं जिनमें, बाहर 'एक्स्ट्रा-करिकुलर एक्टिविटीज यानी रिश्तों से जुड़ी बातें हों।' उन्होंने किसी का नाम लिए बिना रिश्तों को लेकर चल रही अफवाहों की ओर इशारा किया। इस पर प्रियंका ने तुरंत जवाब दिया- वो एक शख्स, जिसकी कई एक्स्ट्रा-करिकुलर एक्टिविटीज हैं। जब जेठ केविन जोनस ने प्रियंका से उस शख्स यानी एक्टर का नाम बताने के लिए कहा, तो प्रियंका ने जवाब दिया, 'जब हम लोग लंच पर जाएंगे, तब नाम बताऊंगी।' यह बातचीत तब शुरू हुई, जब निक जोनस ने बताया कि प्रियंका से शादी करने का उन्हें क्या फायदा हुआ है। यह पूछे जाने पर कि प्रियंका के साथ 8 साल के रिलेशनशिप में उन्होंने क्या चीज सबसे ज्यादा इंजॉय की, तो वह बोले, 'इन आठ सालों में मुझे सबसे ज्यादा जो चीज पसंद आई, वो ये कि मुझे बॉलीवुड की गॉसिप सुनने को मिली।

## Highlights

1. Congress protests as venue of Rahul's Dehradun event shifted; DM explains why
2. MP's UCC draft proposes registration of live-in couples: Report
3. PoK protestors challenge Pakistan's 'Azad' label, say 'It's an occupied territory'
4. Over 1,000 people apply to be CEO of Ayodhya Ram Temple Trust
5. Followers of Guru Ravidas demand separate religion category in Census
6. People who don't want ethanol-blended petrol can buy 100% petrol, but pay more: Nitin Gadkari
7. India responds after Sheikh Hasina says she'll return to Bangladesh this year

# Tech Tonic | Xiaomi is no longer making just gadgets, it is building an empire



**NEW DEIHI, (Agency).** When Xiaomi first made its intentions clear with the Human x Car x Home philosophy in early 2024, skeptics would have likely brushed it aside as another instance of corporate-speak. It didn't feel that way, as I got a first glimpse of the Xiaomi SU7 electric sedan at the Mobile World Congress (MWC) showcase in Barcelona. Or a few days earlier, when walking through history and the cutting-edge present at the Leica Gallery Wetzlar and the Ernst Leitz Museum. More than the words and the timing, it is the underlying form, the intent and the sentiment which often needs to be assessed to gauge the seriousness. I saw that then, and I see that now. There's a reason why I jogged you through a bit of history.

A few days ago, Xiaomi in China stood at a new frontier. Network attached storage, or NAS. A space that's so far been dominated by the likes of Synology, QNAP, WD and Seagate—Xiaomi said the first word about it earlier this month, and the Xiaomi Smart Storage device has reportedly clocked more than 30,000 orders in the first hour of crowdfunding. This now goes into mass production stage, in three storage configurations (4TB, 8TB and 16TB). It'll do everything you expect a NAS to do, apart from offering lots of storage space. Multi-device backups, remote file access, 4K media streaming and AI photo organisation, all ticked off.

This is where things get interesting. While this may vary depending on which part of the world you reside in, Xiaomi's product portfolio often looks disparate. Often, not as much. In India, Xiaomi sells a number of popular smartphones, equally popular smart TVs across price points, tablets that have delivered consistent experiences, wearables including fitness focused smart watches, smart air purifiers, audio products including wireless earbuds and even a grooming kit if you're lucky to find stock. Look closely, and you'll see a hint of legacy. Accessories for robotic vacuum cleaner that's no longer on sale. Or replacement head accessories of electric toothbrush, till a while ago.

The unrelated nature of Xiaomi's global portfolio means everything is on the menu. A rugged portable bluetooth speaker, Mini LED TVs, side-by-side door smart refrigerators, front load washer and dryer, a gaming monitor, smart air conditioners, dehumidifier, an electric wine opener, a coffee machine, smart night light, a reading light bar to sit atop your computer screen (more relevant than you realise), electric scooters, smart audio glasses, a Wi-Fi 7 router (mind you, this beauty looks nothing like a router), a massage gun, portable photo printers, and a full range of electric cars. I'm out of breath, and this list has barely scratched the surface.

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर से किया राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव का शुभारंभ**

## खेती को केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रखा जाएगा

# 'खेत से कारखाने और कारखाने से बाजार' तक विकसित की जा रही है संपूर्ण कृषि अर्थव्यवस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर में राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में समर्पित किया है। इस उद्देश्य से कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, एमएसएमई, राजस्व, ऊर्जा सहित 16 विभागों को एक मंच पर लाकर किसानों के समग्र विकास का अभियान प्रारंभ किया गया है और किसानों की आय बढ़ाने के लिये रोडमैप तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने, प्रसंस्करण, विपणन और रोजगार से जोड़ने का व्यापक अभियान है, जो अब पूरे प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत प्रदेश के सभी 55 जिलों में आगामी 13 नवम्बर तक अनेक आयोजन होंगे और खेती-किसानी पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के सर्वांगीण विकास का संकल्प लेकर सरकार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि देश के इन चार वर्गों का विकास सुनिश्चित हो जाता है तो भारत की उन्नति स्वतः सुनिश्चित हो जाएगी। किसान इन चारों वर्गों के केंद्र में है, इसलिए सरकार ने किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष सरकार ने उद्योग एवं रोजगार वर्ष मनाया था, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश धरातल पर उतर रहे हैं। अब उसी प्रकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाते हुए कृषि क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन लाया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष ओम जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, विधायक मधु वर्मा, श्रीमती मालिनी गौड़, गोलू शुक्ला, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, श्रवण चावड़ा, कपिल यार्दे सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

शुभारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य है। प्रदेश की 250 से अधिक नदियाँ लाखों लोगों के जीवन को समृद्ध बनाती हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने नर्मदा जैसी जीवनदायिनी नदी के जल का समुचित उपयोग नहीं किया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नर्मदा घाटी परियोजनाओं को नई गति मिली। अनेक योजनाओं ने मालवा अंचल को सिंचाई और पेयजल उपलब्ध कराया तथा प्रदेश की बिजली उत्पादन क्षमता को भी मजबूत किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1956 से लेकर 2003 तक प्रदेश में केवल 7.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध थी, जबकि हमारी सरकारों ने इसे बढ़ाकर 65 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाया है। आगामी वर्षों में सिंचित क्षेत्र को और बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान की समृद्धि का आधार पानी, बिजली और सड़क है। इन तीनों क्षेत्रों में सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को अब रात्रि के बजाय दिन में कृषि बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और खेती करना अधिक सुविधाजनक होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। इस वर्ष गेहूं की खरीदी 2625 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर की गई। इसी प्रकार सोयाबीन उत्पादकों को भावांतर योजना के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकारों को छोड़कर अन्य पूर्ववर्ती सरकारों के समय किसानों को न उचित मूल्य मिलता था और न ही समर्थन मूल्य पर व्यवस्थित खरीदी होती थी।

## पदोन्नति मिलने पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रति जताया आभार- किया स्वागत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पदोन्नति मिलने पर आज इंदौर में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार जताया और उनका स्वागत किया। राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव के अवसर पर राजपत्रित अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह तथा सहायक संचालक कृषि अधिकारी संघ के संभागीय अध्यक्ष संदीप यादव ने प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों की पदोन्नति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि सी.एल. केवड़ा तथा श्रीमती शर्ली थामस सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। अधिकारियों-कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्णय अधिकारी-कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा तथा प्रशासनिक कार्यों में और अधिक दक्षता आएगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक